# सुखवीर सिंह चौधरी व राजाराम चौधरी सहित 14 नेताओं ने थामा भाजपा का दामन

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नागौर और सवाई माधोपुर के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा की उपस्थिति में नागौर की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने वाले नागौर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुखवीर सिंह चौधरी ने सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पूर्व सदस्यों के साथ भाजपा परिवार की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं सरपंच राजाराम चौधरी, पूर्व पंचायत समिति सदस्य लादूराम कुदण, यूथ कांग्रेस से मनमोहन चौधरी, विजेंद्र बसवाणा, पंचायत समिति सदस्य भोमसिंह गौड, तेजाराम चौधरी के साथ कार्यकर्ता दिनेश वैष्णव, श्रवण विश्नोई, सुखराम प्रजापत, अमृताराम जाजडा, आदुराम लेगा, काजी अतेशानुद्दीन व सवाई माधोपुर से पार्षद असीम खां के साथ भाजपा में विश्वास जताते हुए पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।



**भाजपा प्रदेश कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने नागौर कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष सुखवीर सिंह चौधरी, सरपंच, जिला परिषद सदस्य, पूर्व सदस्यों को दुपट्टा पहनाकर भाजपा परिवार में शामिल किया।**

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की रीति-नीति से प्रभावित होकर आमजन थाम रहा है भाजपा का दामन : मदन राठौड़**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज आमजन भाजपा की रीति और नीति में विश्वास जता रहा है। एक ओर कांग्रेस पार्टी है जिसकी गलत नीतियों के चलते उसका मूल कार्यकर्ता पार्टी से दूर हो रहा है। कांग्रेस पार्टी समाज में गलत धारणाएं फैलाने का काम कर रही है, इससे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का मोह भंग हो रहा है। वहीं दूसरी ओर भाजपा है जहां राष्ट्र प्रथम की नीति पर कार्य किया जाता है। भाजपा कार्यकर्ता आधारित वो पार्टी है जहां कार्यकर्ताओं का सम्मान परिवार के सदस्य के रूप में किया जाता है। ऐसे में कांग्रेस के मूल कार्यकर्ता भाजपा परिवार में शामिल हो रहे है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आव्हान किया कि जो भी किसी भी राजनीतिक दल में कुंठा महसूस कर रहा है वह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा परिवार में शामिल हो सकता है। भाजपा में सबका सम्मान किया जाएगा और यहां सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव से कार्य किया जाएगा।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा ने बताया कि सुखवीर सिंह चौधरी नागौर जिला परिषद के दो बार सदस्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य रहने के साथ ही 20 सूत्रीय कार्यक्रम नागौर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं पूर्व सदस्य भी रह चुके है। इनके पिता स्व. गणेशराम मुंडवा भी राजनीति क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रधान भी बने। वहीं राजाराम चौधरी भी सरपंच रहने के साथ ही पूर्व जिला परिषद सदस्य रह चुके है। पूर्व और वर्तमान में विभिन्न पदों पर रहते हुए कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भाजपा का दामन थामने वाले नेताओं का भाजपा परिवार में हार्दिक स्वागत और अभिनंदन है। इस दौरान वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद गोपाल सिंह ईडवा, कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश मीडिया संयोजक प्रमोद वशिष्ठ मंच पर उपस्थित रहे।

# सरकार 5 साल में 10 लाख रोजगार के अवसर सृजित करेगी : सी.एम.


- **'विगत दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दे चुकी है'**
- **मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव से हो रहे युवाओं के सपने साकार**

**जयपुर**। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार पांच वर्षों में निजी क्षेत्र में 6 लाख एवं सरकारी क्षेत्र में 4 लाख सहित कुल 10 लाख रोजगार अवसरों के सृजन की निरंतरता में कृतसंकल्पित होकर कार्य कर रही है। दिसंबर माह में आयोजित होने वाला तीसरा मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव युवाओं के रोजगार के सपने को पूरा करने की दृष्टि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा और 'सुराज संकल्प' की दिशा में अहम कदम साबित होगा।

शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर आगामी मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव की तैयारियों के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में नियमित रूप से मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किए जा रहे हैं। विगत दो रोजगार उत्सवों में 28 हजार 200 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी दे चुकी है। अब दिसंबर माह में प्रस्तावित तीसरे मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव में भी हजारों युवाओं को नियुक्तियां दी जाएगी। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित भी कर रही है।

मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकाय विभाग को सफाईकर्मियों की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शीघ्र निस्तारित करते हुए इसे पूर्ण पारदर्शिता के साथ संपादित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 48 हजार 593 चतुर्थ श्रेणी एवं समकक्ष पदों तथा 3 हजार 170 वाहन चालकों की भर्ती प्रक्रिया भी शीघ्र शुरू करेगी। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देशित किया कि वे भर्तियों के संबंध में अभ्यर्थना मार्च 2025 की स्थिति में भिजवाएं, जिससे ज्यादा से ज्यादा पदों पर भर्तियां हो और युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर मिल सके। इस कार्य में कोताही बरतने पर संबंधित विभाग के अधिकारी पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। शर्मा ने परिवर्तित बजट 2024-25 की घोषणाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जिला स्तर पर लंबित विकास कार्यों के लिए कलक्टर्स जनप्रतिनिधियों से चर्चा कर जमीन आवंटन सुनिश्चित करवाएं। उन्होंने विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारियों को महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं कार्यक्रमों की सतत् मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी प्रदान किए।

बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा आलोक, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका, अतिरिक्त मुख्य सचिव ग्रामीण विकास श्रेया गुहा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख शासन सचिव एवं सचिव उपस्थित रहे।




**त्यौहारी सीजन में जाम लगना आम बात हो गई है। अभी दीपोत्सव के 6 दिन त्यौहार को मना कर लोग वापस अपने कार्यस्थल पर पहुंच रहे हैं जिससे सड़कों पर ट्रैफिक जाम की स्थिति बनी हुई है। सीकर रोड स्थित 14 नम्बर पुलिया के पास शहर की तरफ आने वाली सड़क पर शाम को वाहन लंबे जाम में फंस गये।**
फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# अब संस्कृत के छात्र बनेंगे आयुर्वेद डॉक्टर

- **केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी के प्रयास रंग लाये**
- **बीएएमएस पाठ्यक्रम के माध्यम से सात वर्ष और छह माह का होगा आयुर्वेद कोर्स**

**जयपुर**। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के माध्यम से अब देशभर में संस्कृत के छात्र आयुर्वेद में डॉक्टर बन सकेंगे। भारतीय चिकित्सा पद्धित राष्ट्रीय आयोग अधिनियम 2020 प्री आयुर्वेद प्रोगाम फॉर बैचलर ऑफ़ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी विनियम 2024 ने गजट नोटिफिकेशन जारी किया है। रेजिडेंशियल स्नातक कार्यक्रम जिसमें दो वर्ष का प्री-आयुर्वेद, साढ़े चार वर्ष का वैचलर ऑफ आयुर्वेदिक मेडिसिन एंड सर्जरी और एक वर्ष का अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप क़ो शामिल किया गया है, जिसमें राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दसवीं कक्षा के बाद प्रवेश होंगा संस्कृत से 10वीं उत्तीर्ण जरूरी साढ़े सात वर्षीय बीएएमएस प्री आयुर्वेद डिग्री कोर्स में 2 वर्ष के प्री आयुर्वेद व साढ़े 4 वर्ष के बीएएमएस के साथ ही एक वर्ष की अनिवार्य रोटेटरी इंटर्नशिप का समावेश किया है। प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त बोर्ड सहित के संस्कृत बोर्ड ऑफ स्टेट या किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से तथा 10 प्लस 2 पैटर्न से 10वीं उत्तीर्ण होना जरूरी है। न्यूनतम आयु 15 वर्ष होगी। प्रवेश के लिए नीट की तर्ज पर ही आयुर्वेद गुरुकुलम की एक समान प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेंस टेस्ट फॉर प्री आयुर्वेद प्रोग्राम (एनईईटी-पीएपी) को 50 फीसदी अंकों से उत्तीर्ण करना होगा।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेड़ी ने कहा कि यह नया प्रयोग एनसीएस आयुर्वेद आयोग आयुष मंत्रालय के अधिन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का एमओयू हुआ है। संस्कृत के छात्र केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा पूरे भारत में 25 ऐसे महाविद्यालय खोले जायेंगे। संस्कृत के छात्र बीएएमएस परीक्षा पास करके संस्कृत माध्यम से मूल ग्रंथों का अध्ययन इस तरह से एक आयुर्वेद के अध्ययन की परम्परा शुरू कर रहे 10 साल के अंदर इतने अच्छे आयुर्वेद डॉ आयेंगे जो आयुर्वेद के अच्छे विद्वान् हैं उनका प्रभाव समाज में ज्यादा हो संस्कृत क़ो आयुर्वेद के साथ जोड़ा जा रहा यह एक अभिनव पहल हैं इससे संस्कृत के छात्रों क़ो ज्यादा से ज्यादा रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। आयुर्वेद गुरुकुलुम का अर्थ है एक स्वायत्त आवासीय आयुर्वेद संस्थान या कॉलेज, जिसमें एक शिक्षण अस्पताल भी शामिल है।

## गोविंददेवजी मंदिर में भजन संध्या आज

**जयपुर** । जयपुर समारोह 2024 के तहत हैरिटेज निगम की ओर से विशाल श्याम भजन संध्या का आयोजन मंगलवार शाम 6 बजे गोविंद देव जी मंदिर में आयोजित होगी।

जयपुर समारोह के नोडल अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हैरिटेज नगर निगम की ओर से जयपुर शहर के स्थापना के अवसर पर 18 अक्टूबर से एक महीने तक लगातार आयोजन किए जा रहे है। मंगलवार को जौहरी बाजार व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग हॉल में विशाल श्याम भजन संध्या आयोजित की जाएगी। जिसमें विभिन्न भजन गायक मधुर स्वरों में श्याम बाबा का गुणगान करेंगे। कार्यक्रम में महापौर कुसुम यादव, आयुक्त अरुण कुमार हसीजा सहित पार्षद और निगम अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

# भाजपा की डबल इंजन सरकार रामगढ़ में विकास के नए आयाम करेगी स्थापित : मदन राठौड़

- **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने रामगढ़ में कार्यकर्ताओं से संवाद किया**

जयपुर। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ सोमवार को अलवर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह के समर्थन में प्रचार-प्रसार किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि रामगढ़ की जनता भाजपा के प्रत्याशी सुखवंत सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और क्षेत्र के विकास के लिए सुखवंत सिंह को जीताकर विधानसभा भेजेगी। भाजपा की डबल इंजन सरकार रामगढ़ में विकास के लिए नए आयाम स्थापित करेगी।

मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा ने जन समर्थन और जन अप्रेक्षाओं के अनुरूप प्रत्याशी मैदान में उतारकर मतदान से पूर्व आधा चुनाव अपने पक्ष में कर लिया। भाजपा में पन्ना प्रमुख, बूथ समिति, मंडल और शक्ति केंद्रों के साथ जिला और प्रदेश स्तरीय संगठन के कार्यकर्ता मिलकर प्रत्याशी के समर्थन में जुटे हुए है। वहीं क्षेत्र के विकास के लिए आमजन भी केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की भजनलाल शर्मा सरकार के साथ जुड़ना चाहते हैं। इस आधार पर भाजपा प्रत्याशी सुखवंत सिंह को उपचुनावों में जनता का अपार स्नेह और प्यार मिलेगा। भाजपा कार्यकर्ता ही नहीं, रामगढ की जनता स्वयं को सुखवंत मानकर चुनाव लड़ रही है, ऐसे में रामगढ़ में कमल खिलना तय हो गया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा में संगठन, अनुशासन और राष्ट्र सर्वोपरि की धारणा पर कार्यकर्ता कार्य करता है। इसी लिए आम कार्यकर्ता को भाजपा आगे बढ़ाने का कार्य करती है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में जन समर्थन प्राप्त प्रत्याशी को उपचुनावों में उतार कर भाजपा ने जनता के जनाधार का सम्मान किया है। रामगढ़ से भाजपा बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी। राठौड़ ने कहा कि एक ओर भाजपा है जहां आमजन जन इस पार्टी के साथ जुड़ना चाहता है, वहीं दूसरी ओर ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जिसके साथ जुड़ना तो दूर लोग अलग हो रहे है। कांग्रेस के मूल कार्यकर्ता उसकी गलत नीतियों से दूर जा रहे है। एक आदमी भी उनसे जुड़ना नहीं चाहता है। अब प्रदेश की जनता जागरूक हो गई है और कांग्रेस के बहकावे में आने वाली नहीं है। प्रदेश के सभी सातों उपचुनावों में भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज कराएगी।

# प्रदेश के 3.25 लाख दुग्ध उत्पादकों को 183 करोड़ रु. का अनुदान जारी

## मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के तहत भजनलाल सरकार ने 5 रुपये प्रति लीटर की दर से दी है अनुदान राशि

- **दिवाली पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यह अनुदान राशि जारी करवाकर किसानों को दिया तोहफा**

**जयपुर** (कासं)। राज्यभर की सहकारी डेयरियों से जुड़े दुग्ध उत्पादकों को दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत 5 रुपये प्रति लीटर की दर से अनुदान राशि मिलने से खुशी की लहर है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों पर दीपावली से ठीक पहले दुग्ध उत्पादकों को 183.22 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। इससे राज्यभर में 3.25 लाख से अधिक दुग्ध उत्पादक लाभान्वित हुए हैं। इतना ही नहीं, फैडरेशन से सम्बद्ध अलग-अलग जिला दुग्ध संघों की दुग्ध समितियों द्वारा राज्यभर के दुग्ध उत्पादकों को दीपावली से पूर्व 20 करोड़ रुपये से अधिक का लाभांश अलग से वितरित किया गया है।

यह जानकारी देते हुऐ राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन के प्रबन्ध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिये मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत 600 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया था। दीपावली से पूर्व राज्य सरकार से राशि प्राप्त होने पर आरसीडीएफ द्वारा डीबीटी के माध्यम से दुग्ध उत्पादकों को 183.22 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। राज्यभर के दुग्ध उत्पादकों में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत अनुदान और लाभांश वितरण से खुशी की लहर है। भारद्वाज ने बताया कि राजस्थान राज्य की सहकारी डेयरियों में दुग्ध संकलन में लगातार हो रही बढ़ोतरी में मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अन्तर्गत दुग्ध उत्पादकों को मिलने वाले अनुदान का बहुत बड़ा योगदान है। राजस्थान राज्य के सभी दुग्ध उत्पादकों को आश्वस्त किया है कि दुग्ध उत्पादकों की सामाजिक एवं आर्थिक समृद्धि के लिये आरसीडीएफ कृत संकल्प है।

# कांग्रेस ने युवाओं की आँखों में धूल झोंकी थी : मदन दिलावर

- **'भजनलाल सरकार युवाओं के सपने को साकार करेगी'**

**जयपुर**। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कांग्रेस अध्यक्ष के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि रीट में चीट करने के जिम्मेदारों को हर जगह खोट ही दिखाई देगा। बड़बोले डोटासरा ने आँखों पर पट्टी बाँध रखी है। इसीलिए उन्हें भजनलाल शर्मा की सरकार द्वारा की जा रही भर्तियां और विकास के काम दिखाई नहीं दे रहे।

दिलावर ने कहा कि डोटासरा शायद नहीं चाहते कि महिलाओं को तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती लेवल वन में आरक्षण मिले इसीलिए इसमें अड़चनें डालना चाह रहे हैं।

पहली बार सरकार आगे खाली होने जा रहे पदों की भी गणना कर भर्तियां करने जा रही है। कांग्रेस राज में जो भर्तियां अटकी थी उनको भी हमने पूरा किया है।

कांग्रेस ने युवाओं की आँखों में धूल झोंकी थी जिसका परिणाम ये हुआ कि या तो भर्तियां न्यायालय में रुक गई या पेपर लीक के कारण रद्द की गई।

मदन दिलावर ने कहा कि भाजपा सरकार ने जो वादा किया है चाहे वह भर्तियों से संबंधित हो या महिलाओं के आरक्षण से संबंधित हो हम उसे पूरा करेंगे।

# दीपावली पर सूने मकानों से जेवर और नकदी चोरी

**जयपुर**। दीपावली पर चोर 4 सूने मकानों को निशाना बनाकर जेवरात और लाखों रुपए की नकदी ले गए। दोनों परिवार के बाहर जाने का फायदा उठाकर चोर मेन गेट के लॉक तोड़कर अंदर घुसे थे। घटनाएं भांकरोटा, खोहनागोरियान व करधनी इलाके की है। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि चौधरी कॉलोनी कमला नेहरु नगर निवासी सुरेश चन्द शर्मा ने भांकरोटा थाने में मामला दर्ज करवाया कि वह परिवार के साथ अपने दूसरे मकान पर गए हुए थे। पीछे से बदमाशों ने चोरी की नीयत से सूने मकान को निशाना बनाया। मकान का मेन गेट का लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी में रखे लाखों रुपए के गहने व कैश चोरी कर ले गए। अजमेर रोड कमला नेहरु नगर चौधरी कॉलोनी निवासी अमित भारद्वाज ने मामला दर्ज करवाया कि वह दीपावली पर अपने स्थाई मकान पर गया था पीछे से चोर मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नकदी ले गए। घटना का पता पीडित को वापस घर लौटने पर लगा। करधनी थाने में हनुमंत नगर गोकुलपुरा निवासी जितेन्द्र सिंह ने मामला दर्ज करवाया कि वह रविवार को परिवार सहित बाहर गए हुए थे। उनके सूने मकान का लॉक तोड़कर बदमाश अंदर घुसे। अलमारी के लॉकर में रखे सोने-चांदी के गहने और 16 हजार रुपए चोरी कर ले गए। वापस घर लौटने पर पीड़ितों को चोरी की वारदात होने का पता चला।

# चुनाव आयोग की बैठक आयोजित


**जयपुर**। राजस्थान चुनाव आयोग की ओर से मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम विषय आधारित बैठक आयोजित की गई। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसमें भाजपा की ओर से विधि प्रकोष्ठ के संयोजक सौरभ सारस्वत, सह संयोजक अशोक सिंह शेखावत, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के संयोजक राजेंद्र सिंह शेखावत और योगेंद्र सिंह तंवर उपस्थित रहे।

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि मतदाता सूचियों के अपडेशन में सहयोग करें : नवीन महाजन

## प्रारूप मतदाता सूचियां 9 और 23 नवम्बर को ग्राम सभाओं में पढ़ी जाएंगी

- **मतदान केन्द्रों पर बी.एल.ओ. की बैठक 10 और 24 नवम्बर को होगी**

**जयपुर** । राजस्थान में 193 विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित बनाने के लिए विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एस.एस.आर)-2025 अभियान के तहत 29 अक्टूबर को प्रारूप सूचियों का प्रकाशन कर दिया गया है। अब जो नागरिक 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर रहे हैं, वे नाम मतदाता सूची में जुड़वा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, 17 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के ऐसे मतदाता, जो वर्ष 2025 के 1 अप्रैल, 1 जुलाई , 1 अक्टूबर 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर मतदाता होने की पात्रता प्राप्त कर रहे हैं, वे भी वीएचए एप अथवा बीएलओ अथवा वोटर सर्विस पोर्टल के माध्यम से प्रारूप-6 में अग्रिम आवेदन कर सकते हैं।



**मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सोमवार को प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सोमवार को प्रदेश में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ इस विषय पर बैठक में कहा कि एसएसआर अभियान के तहत आयोजित होने वाली विशेष बैठकों में अधिक से अधिक लोगों को हिस्सा लेना चाहिए तथा मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने, हटाने, मतदाताओं के पते, जन्मतिथि, फोटो आदि में संशोधन के कार्य में आवेदन प्रस्तुत कर सूचियों को त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख 28 नवम्बर है। महाजन ने कहा कि एसएसआर अभियान के तहत आगामी 9 और 23 नवम्बर को प्रारूप मतदाता सूचियों का ग्राम सभाओं, वार्ड अथवा आवासीय वेलफेयर सोसायटी की विशेष बैठकों में पठन और सत्यापन किया जाएगा उन्होंने मतदाता सूचियों में नए नाम जोड़ने और इनके शुद्धिकरण के कार्य में राजनैतिक दलों और आम लोगों से भागीदारी की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्राम अथवा वार्ड सभा की बैठकों के अतिरिक्त मतदान केन्द्रों पर भी 10 और 24 नवम्बर को सम्बंधित बीएलओ राजनैतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट और आम लोगों के साथ बैठकों का आयोजन करेंगे, जिनमें सूचियों के पठन और सत्यापन कार्य किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, इन बैठकों के दौरान मतदाता सूचियों पर दावे-आपतियां और संशोधन के लिए आवेदन अथवा सुझाव दिए जा सकेंगे। उन्होंने राजनैतिक दलों से सभी मतदान केन्द्रों के लिए अपने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियोजित करने और उन्हें इस प्रक्रिया तथा प्रस्तावित बैठकों में भाग लेने के लिए निर्देशित करने का आग्रह किया।